# Daily Current Affairs

Date : 07 November, 2025

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | राजस्थान में किसानों हेतु सरकार के प्रयास और स्थिति |
| 2. | सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग और भाषिणी तथा स्टार्टअप आर्मेनिया के मध्य समझोता |
| 3. | वंदे मातरम @ 150 कार्यक्रम, 2025 |
| 4. | जयपुर न्यूट्रीफेस्ट, 2025 |
| 5. | हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड : वैश्विक सस्टेनेबिलिटी में प्रथम स्थान |
| 6. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. केन्द्रीय कार्मन रिव्यू मिशन : राजस्थान दौरा<br>2. डॉ. राजीव अग्रवाल: पीएंडओ रत्न<br>3. डॉ. रविन्द्र सिंह राव : 'बेस्ट ऑफ टीसीटी कोरोनरी केसेज' के लिए को चुना गया<br>4. हेमा सैनी : कुश्ती<br>5. विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी<br>6. स्वदेशी एंटी ड्रोन तकनीक का विकास : IIT जोधपुर-BSF के मध्य एमओयू |
| 7. | गोगाबील झील |
| 8. | खादी महोत्सव, 2025 |
| 9. | बालीयात्रा उत्सव |
| 10. | दोहा घोषणा-पत्र |
| 11. | NexCAR19 |
| 12. | प्रोजेक्ट सनकैचर |
| 13. | टाइडल डिसरप्शन इवेंट |
| 14. | भारत की सबसे बड़ी भूतापीय ऊर्जा प्रौद्योगिकी पायलट परियोजना |
| 15. | द बाकू टू बेलेम रोडमैप टू 1.3T रिपोर्ट |
| 16. | प्रवर्तन निदेशालय |
| 17. | माई भारत (MY Bharat) ऐप |
| 18. | शोभा गुप्ता : रक्षा संपदा महानिदेशक |




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## राजस्थान में किसानों हेतु सरकार के प्रयास और स्थिति






उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## 📌 मुख्य बिन्दुः

- **सरकार के प्रयास और पहलः**

| क्षेत्र | योजना/ प्रयास | शुभारंभ | विशेषता | वर्तमान स्थिति/ चर्चा में क्यों? |
|---|---|---|---|---|
| आर्थिक सहायता और सब्सिडी | मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना | वर्ष 2024 | लाभ : प्रत्येक वर्ष किसानों को 3,000/- रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी।<br>नोडल विभाग : राजस्थान सहकारिता विभाग। | 76.18 लाख किसान लाभान्वित।<br>20.35 लाख नए पंजीकृत किसान। |
| | राजस्थान कृषक समर्थन योजना | वर्ष 2025 | लाभ : केंद्र सरकार के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 150 रुपये प्रति क्विंटल का अतिरिक्त बोनस।<br>बोनस पश्चात राज्य के सभी किसानों को गेहूँ विक्रय पर 2,575/- रुपये की धनराशि प्राप्त होगी। | ₹472 करोड़ 2.67 लाख किसानों को गेहूं के समर्थन मूल्य पर बोनस। |
| | मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना | वर्ष 2019 | नोडल एजेंसी : पशुपालन विभाग।<br>लाभ : दुग्ध उत्पादन हेतु राज्य सरकार द्वारा 5 रुपये प्रति लीटर का अनुदान। | ₹832 करोड़ हस्तांतरित। |
| | मुख्यमंत्री किसान मित्र ऊर्जा योजना | मई, 2021 | लाभ : किसानों को बिजली बिलों में राहत देने के लिए ₹1000 प्रति माह (₹12,000 सालाना) का अतिरिक्त अनुदान दिया जाता है। | अनुदान : बिजली के बिलों में ₹41,052 करोड़ किसानों को अनुदान।<br>कृषि कनेक्शन : 1.78 लाख से अधिक। |
| | पीएम कुसुम कॉम्पोनेन्ट – बी/ प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (प्रधानमंत्री-कुसुम योजना) | वर्ष 2019 | लाभ : केंद्र सरकार स्टैंडअलोन सोलर पंपों की स्थापना और मौजूदा ग्रिड-कनेक्टेड कृषि पंपों के सौरीकरण के लिए कुल लागत का 30% या 50% तक सब्सिडी देती है। | पीएम कुसुम कॉम्पोनेन्ट - बी : 50,090 सोलर पम्प सेट की स्थापना। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | किसान क्रेडिट कार्ड योजना | वर्ष 1998 | लाभ : भारत सरकार किसानों को 2% की ब्याज सहायता और 3% का शीघ्र पुनर्भुगतान प्रोत्साहन प्रदान करती है, जिससे उन्हें 4% प्रति वर्ष की अत्यंत रियायती दर पर ऋण उपलब्ध होता है। | ₹43,036 करोड़ का ऋण। |
| | गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना | वर्ष 2024 | नोडल विभाग : राज-सहकार विभाग, राजस्थान सरकार।<br>कोलैटरल फ्री ऋण की सुविधा।<br>लाभार्थी 1,00,000/- रूपये तक का ऋण ले सकते है।<br>लिए गए ऋण पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।<br>ऋण शार्ट टर्म बेसिस पर दिया जाता। | ₹550 करोड़ का ऋण। |
| बुनियादी ढांचे और तकनीकी सहायता | सिंचाई और आधुनिक खेती : ₹9,512 करोड़ द्वारा 84,029 हैक्टेयर क्षेत्र में अतिरिक्त सिंचाई सुविधा। नहरी क्षेत्र में 58,000 हैक्टेयर फव्वारा सिंचाई स्थापित। | | | |
| | डिग्गी एवं फार्म पोण्ड : 43,271 का निर्माण ₹350 करोड़ अनुदान। | | | |
| | कृषि यंत्र (97,192) : ₹546 करोड़ अनुदान। | | | |
| | खेतों पर तारबंदी (27,960 किमी.) : 3.17 लाख किसान लाभान्वित ₹967 करोड़ अनुदान। | | | |
| बीमा | मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना | वर्ष 2024 | पशुपालकों के पशुओं को बिमा का लाभ।<br>बीमा केवल एक वर्ष के लिए किया जाएगा।<br>बीमित पशु की मृत्यु होने पर बीमा की धनराशि 21 कार्य दिवस में देय होगी। | 10.56 लाख पॉलिसी, 20.30 लाख पशुओं का पंजीकरण, 8.95 लाख पशुपालक लाभान्वित। |
| | प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना | वर्ष 2016 | प्राकृतिक आपदाओं, कीटों अथवा रोगों के कारण होने वाली फसल हानि के लिये किसानों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना। | ₹5,965 करोड़ बीमा क्लेम वितरित |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग और भाषिणी तथा स्टार्टअप आर्मेनिया के मध्य समझौता

## चर्चा में क्यों?

- 06 नवम्बर, 2025 को सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री ने जयपुर स्थित भामाशाह डेटा सेंटर में दो महत्त्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।



## मुख्य बिन्दु:

- **पहला एमओयू :** राज्य सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग और केंद्र सरकार के डिजिटल इंडिया 'भाषिणी' प्रभाग के मध्य हुआ।
- **दूसरा एमओयू :** C-साइड स्टार्टअप समिट व स्टार्टअप आर्मेनिया के फाउंडर डॉ. हाकोब हाकोबयान, IOLF और आई-स्टार्ट राजस्थान के मध्य किया गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **उद्देश्य :** राज्य सरकार का उद्देश्य है कि नागरिकों को उनकी मातृभाषा में राजकीय सेवाओं का लाभ मिल सके। इसी दिशा में अब 'भाषिणी' और DOIT मिलकर कार्य करेंगे तथा आधुनिक तकनीकों की मदद से भाषाई अवरोधों को दूर किया जाएगा।
- **महत्त्व :** 'भाषिणी' की मदद से किसान अपनी फसल, मौसम और खाद-बीज से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। महिलाएँ अपने व्यवसाय को बढ़ाने में सक्षम होंगी और विद्यार्थी सरलता से ज्ञान अर्जित कर पाएंगे। यह सब कार्य अब मातृभाषा में संभव हो सकेंगे।

## अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:

### स्टार्टअप महाकुंभ :

- जयपुर में आगामी जनवरी-फरवरी माह में चार दिवसीय स्टार्टअप महाकुंभ का आयोजन प्रस्तावित है, जिसमें देश-विदेश के स्टार्टअप फाउंडर, निवेशक और हितधारक भाग लेंगे।

### भाषिणी :

- **शुरुआत :** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत शुरू की गई है। उद्देश्य : आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण तकनीकों के माध्यम से भारत में भाषाई बाधाओं को समाप्त करना।
- **कुल भाषाएँ :** भाषिणी कुल 22 अनुसूचित भारतीय भाषाओं में डिजिटल सेवाओं और सूचनाओं की सहज पहुँच सुनिश्चित करती हैं, भविष्य में अन्य क्षेत्रीय भाषाओं को भी इस सुविधा से जोड़ा जाएगा।
- **लाभ :** इससे डिजिटल समावेशन को प्रोत्साहन मिलेगा और नागरिक अपनी मातृभाषा में डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़ सकेंगे। सरकारी वेबसाइटों पर टेक्स्ट टू स्पीच और स्पीच टू टेक्स्ट की सुविधा से नागरिक अपनी भाषा में संवाद कर सकेंगे तथा शिकायत या आवेदन जैसे कार्य आसानी से कर पाएंगे।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# वंदे मातरम @ 150 कार्यक्रम, 2025

## चर्चा में क्यों?

- 7 नवम्बर, 2025 को राष्ट्रगीत "वंदे मातरम" की रचना के 150 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। इसके उपलक्ष्य में सम्पूर्ण देश की तरह प्रदेशभर में देशभक्ति के महाअभियान "वंदे मातरम@ 150" का शुभारंभ किया जा रहा है। इस अवसर पर जयपुर के एस.एम.एस. स्टेडियम में राज्य स्तरीय मुख्य समारोह आयोजन किया गया।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:

- **अवधि :** यह आयोजन 7 नवंबर, 2025 से 7 नवंबर, 2026 तक चलने वाले राष्ट्रव्यापी उत्सव के औपचारिक शुभारंभ का प्रतीक है।
- **उद्देश्य :** भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में राष्ट्रीय गीत की ऐतिहासिक भूमिका और स्थायी सांस्कृतिक विरासत के बारे में विशेष रूप से युवाओं और छात्रों के मध्य जागरूकता बढ़ाना।
- इसी दिन अजमेर बीकानेर, उदयपुर, भरतपुर, कोटा, जोधपुर, सीकर, भीलवाड़ा और अलवर सहित नौ जिला मुख्यालयों पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए गए।
- 'एक स्थान, एक समय, एक गीत - वंदे मातरम" की थीम पर सामूहिक गायन कार्यक्रम हुआ जिनमें आमजन, विद्यार्थी, सामाजिक संस्थाएँ और पंचायत प्रतिनिधि सक्रिय रूप से भाग लिया।
- 10 नवम्बर को सभी सरकारी कार्यालयों में, 11 नवम्बर को नगर निकाय कार्यालयों में, 12 नवम्बर को पंचायत राज संस्थानों में, 13 नवम्बर को विद्यालयों एवं छात्रावासों में, 14 नवम्बर को उच्च शिक्षा संस्थानों में तथा 15 नवम्बर को अस्पतालों और पुलिस थानों में "वंदे मातरम@ 150" कार्यक्रम एवं स्वदेशी संकल्प आयोजित किए जाएंगे।
- इसके अतिरिक्त, 7 नवम्बर से 26 नवम्बर (संविधान दिवस) तक सभी विद्यालयों और महाविद्यालयों में प्रतिदिन "वंदे मातरम" का सामूहिक वाचन किया जाएगा।
- **पहला राजस्थानी काव्य अनुवाद :** जयपुर के साहित्यकार इकराम राजस्थानी ने राष्ट्रगीत का पहला राजस्थानी काव्य अनुवाद तैयार किया है। 7 नवंबर को इस गीत के 150 वर्ष पूरे हो रहे हैं और इसी अवसर पर यह अनुवाद मातृभूमि को समर्पित किया गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:

### वंदे मातरम @ 150 कार्यक्रम, 2025:

- **आयोजन :** 7 नवंबर, 2025 को इंदिरा गाँधी स्टेडियम, दिल्ली में आयोजित किया गया।
- **डाक टिकट और सिक्का :** राष्ट्रीय कार्यक्रम में एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का जारी किया गया।
- **राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम :** वंदे मातरम् के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्त्व के दृष्टिगत वर्षभर विविध गतिविधियों चार चरणों में प्रथम चरण में 7 से 14 नवम्बर (शुभारंभ), द्वितीय चरण 19 से 26 जनवरी 2026 (गणतंत्र दिवस), तृतीय चरण 7 से 15 अगस्त 2026 (हर घर तिरंगा अभियान के साथ) तथा चतुर्थ चरण एक से 7 नवम्बर, 2026 (समापन सप्ताह) में व्यापक रूप से आयोजित किये जायेंगे।




### वंदे मातरम् :

| विषय | विवरण |
|---|---|
| रचनाकार | ■ बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय |
| भाषा | ■ संस्कृत |
| पहली बार साहित्यिक पत्रिका में प्रकाशन | ■ 7 नवंबर, 1875 को बंगदर्शन में। |
| प्रथम प्रकाशन | ■ आनंदमठ (वर्ष 1882) |
| पहला सार्वजनिक गायन | ■ रवीन्द्रनाथ टैगोर, 1896 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अधिवेशन) |
| स्थिति | ■ राष्ट्रगीत – राष्ट्रीय गान के समान प्रतीकात्मक दर्जा |
| संवैधानिक संदर्भ | ■ अनुच्छेद 51A(a) – केवल राष्ट्रगान के प्रति सम्मान अनिवार्य |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| अन्य बिन्दु | ■ वर्ष 1907 में, मैडम भीकाजी कामा ने पहली बार भारत के बाहर स्टटगार्ट, बर्लिन में तिरंगा झंडा फहराया था। उस झंडे पर वंदे मातरम लिखा हुआ था।<br>■ 'वंदे मातरम संप्रदाय' : अक्टूबर, 1905 में, उत्तरी कलकत्ता में मातृभूमि को एक मिशन और धार्मिक जुनून के तौर पर बढ़ावा देने के लिए एक 'वंदे मातरम संप्रदाय'की स्थापना की गई थी।<br>■ अगस्त, 1906 में, बिपिन चंद्र पाल के संपादन में 'वंदे मातरम'नाम का एक अंग्रेजी दैनिक शुरू हुआ।<br>■ वर्ष 1909 में, पेरिस में भारतीय देशभक्तों ने जिनेवा से 'वंदे मातरम' नामक एक पत्रिका का प्रकाशन शुरू किया। |

- **बंकिम चंद्र चटर्जी (1838–1894) :** 19वीं सदी के बंगाल की सबसे जानी-मानी हस्तियों में से एक थे। यह एक उपन्यासकार, कवि और निबंधकार के तौर पर उनके योगदान ने आधुनिक बंगाली गद्य के विकास और उभरते भारतीय राष्ट्रवाद की अभिव्यक्ति पर महत्त्वपूर्ण प्रभाव डाला।
- उनके विशेष कार्यों में आनंदमठ (1882), दुर्गेश नंदिनी (1865), कपालकुंडला (1866), और देवी चौधरानी (1884) शामिल हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# जयपुर न्यूट्रीफेस्ट, 2025

## चर्चा में क्यों?

- 7 नवंबर, 2025 को जवाहर कला केन्द्र, जयपुर में चार दिवसीय फूड फेस्टिवल 'जयपुर न्यूट्रीफेस्ट 2025' का शुभारंभ किया गया।




## मुख्य बिन्दु:

- फेस्ट में देशभर से आए फूड इनोवेटर्स, आयुर्वेदिक शोधकर्ता और ऑर्गेनिक उत्पाद निर्माता अपने नवीन प्रयोग और उत्पाद प्रदर्शित कर रहे हैं।
- यह आयोजन इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर लाइफ साइंसेज और ऑर्गेनिक सनराइज नेचुरल के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।
- फेस्ट का उद्देश्य प्राकृतिक और जैविक उत्पादों को बढ़ावा देना, देश को हेल्थ एंड वेलनेस इनोवेशन हब के रूप में स्थापित करना और पारंपरिक ज्ञान को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से जोड़ना है।
- भारत सरकार के मिलेट मिशन के अनुरूप, बाजरा, ज्वार, रागी, कोदो और कुटकी से बने 100 से अधिक उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं, जिनका निर्माण ग्रामीण महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों द्वारा किया गया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

- खाद्य और कृषि संगठन (FAO) ने वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज या पोषक अनाज वर्ष (International Year of Millets) घोषित किया है।

**'मिलेट्स' (Millets) :**

- मोटे अनाज या 'मिलेट्स' (Millets) में विशेष पोषक गुण (प्रोटीन, आहार फाइबर, सूक्ष्म पोषक तत्वों और एंटीऑक्सिडेंट से समृद्ध) पाए जाते हैं और ये विशेष कृष्य या शस्य विशेषताएँ (जैसे सूखा प्रतिरोधी और अर्द्ध-शुष्क क्षेत्रों के लिये उपयुक्त होना) रखते हैं।
- भारत में दो वर्गों के मोटे अनाज उगाए जाते हैं। प्रमुख मोटे अनाज (Major millets) में ज्वार, बाजरा और रागी शामिल हैं, जबकि गौण मोटे अनाज (Minor millets) में कंगनी, कुटकी, कोदो, वरिगा/पुनर्वा और साँवा शामिल हैं।

**श्री अन्न में भारत की वैश्विक और राष्ट्रीय स्थिति :**

- **वैश्विक उत्पादन :** भारत दुनिया का सबसे बड़ा श्री अन्न (Millets) उत्पादक देश है। भारत का योगदान विश्व उत्पादन में लगभग 41प्रतिशत  और एशिया के कुल उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक है।
- **निर्यात् स्थिति (Export Status) :** भारत विश्व के शीर्ष 5 मिलेट निर्यातक देशों में शामिल है।
- **प्रमुख निर्यात गंतव्य देश :** संयुक्त अरब अमीरात (UAE),सऊदी अरब, नेपाल और बांग्लादेश।

**मोटे अनाज/पोषक अनाज के लाभ :**

1. जलवायु-प्रत्यास्थी प्रधान खाद्य फसलें
2. पोषक तत्त्वों से भरपूर (फाइबर, प्रोटीन, विटामिन और खनिज)
3. ग्लूटेन-फ्री
4. विषम मृदा और जलवायु दशाओं अनुकूलन योग्य
5. संवहनीय (प्रायः पारंपरिक कृषि विधियों का उपयोग कर उगाये जाते हैं।)
6. स्वास्थ्यवर्धक (लोहा, कैल्शियम)
7. कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स (मधुमेह रोगी का भोजन)



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड : वैश्विक सस्टेनेबिलिटी में प्रथम स्थान

## चर्चा में क्यों?

- भारत का एकमात्र और दुनिया का सबसे बड़ा एकीकृत जिंक उत्पादक और विश्व के शीर्ष पाँच चाँदी उत्पादकों में से एक, हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड ने 5 नवंबर, 2025 तक एसएंडपी ग्लोबल कॉर्पोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट (CSA) 2025 में मेटल और माइनिंग क्षेत्र में विश्व में लगातार तीसरे वर्ष पहला स्थान बरकरार रखा है।

## मुख्य बिन्दु:

- कंपनी ने लगातार तीसरे वर्ष सस्टेनेबिलिटी में हैट्रिक बनाते हुए मेटल माइनिंग सेक्टर की 235 कंपनियों से अधिक 100 में से 90 CSA स्कोर प्राप्त किया जो कि जो पिछले पाँच वर्षों में सर्वाधिक है।
- यह उपलब्धि जलवायु रणनीति, सामुदायिक विकास, अपशिष्ट प्रबंधन, जल संरक्षण और नवीकरणीय ऊर्जा दक्षता में कंपनी की सतत् प्रगति को दर्शाती है।
- इस वर्ष, हिन्दुस्तान जिंक ने जलवायु रणनीति, सामुदायिक संबंध, अपशिष्ट और प्रदूषकों जैसे प्रमुख मापदंडों में सर्वोच्च अंक प्राप्त किए।
- एसएंडपी ग्लोबल कॉर्पोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट (CSA) पर्यावरण, सामाजिक और प्रशासनिक (ESG) प्रदर्शन के आंकलन के लिए विश्व के अग्रणी मानदंडों में से एक है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड की "इकोजेन" पहल :** एशिया की पहली कम कार्बन वाली जिंक जैसी पहलों और निरंतर डीकार्बोनाइजेशन उपायों के माध्यम से, हिन्दुस्तान जिंक औद्योगिक नवाचार और जलवायु उत्तरदायित्व में मानक स्थापित कर रहा है। कंपनी 3.32 गुना वाटर-पॉजिटिव भी है और हाल ही में इंटरनेशनल कांउसिंल ऑन माइनिंग एण्ड मेटल्स में शामिल होने वाली पहली भारतीय कंपनी बनी।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

- गत वर्ष, हिन्दुस्तान जिंक ने वर्ष, 2024 के मूल्यांकन के अनुसार 86 अंकों के साथ धातु और खनन उद्योग में वैश्विक स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया था।

**हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड :**

- **स्थापना :** वर्ष 1966
- **मुख्यालय :** उदयपुर, राजस्थान
- विश्व का सबसे बड़ा और भारत का एकमात्र एकीकृत जिंक-लेड-सिल्वर उत्पादक है।
- कंपनी के प्रगालक राजस्थान राज्य के चंदेरिया, दरीबा (राजसमंद) और देबारी (उदयपुर) में स्थित हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **केन्द्रीय कार्मन रिव्यू मिशन : राजस्थान दौरा**<br><br><br>■ 06 नवम्बर, 2025 को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के 17वें क़ॉमन रिव्यू मिशन के जाँच दल की रिपोर्ट में राजस्थान की मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, माँ वाउचर योजना, रामाश्रय वार्ड योजना, मिशन मधुहारी सहित कई योजनाएँ एवं नवाचरों का उल्लेख किया गया। |
| 2. | **डॉ. राजीव अग्रवाल: पीएंडओ रत्न**<br><br>■ प्रोस्थेटिक्स एवं ऑर्थोटिक्स चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए डॉ. राजीव अग्रवाल को पीएंडओ रत्न से नवाजा गया है। |
| 3. | **डॉ. रविन्द्र सिंह राव : 'बेस्ट ऑफ टीसीटी कोरोनरी केसेज' के लिए को चुना गया**<br>■ हाल ही में, सेन फ्रांसिस्को इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी के सम्मेलन ट्रांसकैथेटर कार्डियोवास्कुलर थेरैप्यूटिक्स-2025 (TCT) का आयोजन किया गया।<br>■ इसमें जयपुर के सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. रविन्द्र सिंह राव के केस को 'बेस्ट ऑफ TCT कोरोनरी केसेज विद द मास्टर्स' के लिए सलेक्ट किया गया। |


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 4. | **हेमा सैनी : कुश्ती**<br>■ हेमा सैनी ने उत्तरप्रदेश के गोंडा स्थित नंदिनी नगर महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय नेशनल ग्रैपलिंग कुश्ती चैंपियनशिप में 58 किलोग्राम वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सिल्वर मेडल जीता। |
| 5. | **विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी**<br>■ विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी (VGU), जयपुर ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में क्यूं एस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स, 2026 में भारत में 95वाँ स्थान प्राप्त हुआ है, जिससे यह देश के शीर्ष 100 विश्वविद्यालयों में शामिल हो गया है। |
| 6. | **स्वदेशी एंटी ड्रोन तकनीक का विकास : IIT जोधपुर-BSF के मध्य एमओयू**<br>■ IIT जोधपुर और सीमा सुरक्षा बल (BSF) ने भारत की सीमाओं की सुरक्षा और निगरानी प्रणालियों को सशक्त बनाने के लिए आधुनिक स्वदेशी तकनीकों के विकास व क्रियान्वयन के लिए एमओयू किए हैं। दोनों संस्थान ड्रोन और एंटी-ड्रोन तकनीक, एआई आधारित नवाचारों पर कार्य करेंगे। |

CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## गोगाबील झील

**मुख्य बिन्दु:**

- **बिहार की गोगाबील झील को रामसर स्थल के रूप में नामित किया गया है। यह भारत की 94वीं अंतरराष्ट्रीय महत्त्व की आर्द्रभूमि बन गई है।**

**गोगाबील झील:**

- **यह बिहार के कटिहार जिले में स्थित एक गोखुर आर्द्रभूमि है। गोगाबील उत्तर में महानंदा और कंखार नदियों तथा दक्षिण एवं पूर्व में गंगा के प्रवाह से बनी है।**
- **महत्त्व: यह बिहार का पहला सामुदायिक रिज़र्व है। यह विभिन्न प्रकार के पक्षियों का पर्यावास है।**
- **रामसर सूची में जोड़े गए बिहार के हाल के अन्य स्थल: बक्सर जिले का गोकुल जलाशय (92वाँ) और पश्चिम चंपारण की उदयपुर झील (93वाँ)।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# खादी महोत्सव, 2025

## चर्चा में क्यों?

- खादी और ग्रामोद्योग आयोग (KVIC) सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा KVIC केंद्रीय कार्यालय, मुंबई में खादी उत्सव, 2025 का उद्घाटन किया।
- इस अवसर पर खादी उत्पादों पर 20 प्रतिशत और ग्रामोद्योग उत्पादों पर 10 प्रतिशत की विशेष छूट की घोषणा की गई।




## मुख्य बिन्दु:

- **आयोजन :** 31 अक्टूबर, 2025 तक ।
- **उद्देश्य :** खादी और ग्रामोद्योग, हथकरघा, हस्तशिल्प, ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) उत्पादों और स्थानीय स्तर पर उत्पादित विभिन्न पारंपरिक और कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देना।
- इसमें पश्चिम बंगाल की खादी सिल्क साड़ियाँ, गुजरात की पटोला साड़ियाँ, कर्नाटक, ओडिशा, बिहार और महाराष्ट्र के रेशमी खादी कपड़े, तमिलनाडु का कांचीवरम सिल्क, पश्चिम बंगाल का मलमल और उत्तर प्रदेश व राजस्थान के सूती कपड़े शामिल हैं।
- वस्त्रों के अतिरिक्त, प्रदर्शनी में राजस्थान की वीआई पॉटरी, पुणे का शहद, मुंबई के चमड़े के उत्पाद, बेंगलुरु और दिल्ली के साबुन, सौंदर्य प्रसाधन और अगरबत्ती, तथा आयुर्वेदिक एवं स्वास्थ्य उत्पाद भी शामिल हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# बालीयात्रा उत्सव

## मुख्य बिन्दुः

- राष्ट्रपति ने देशवासियों को बालीयात्रा उत्सव की शुभकामनाएँ दीं।

### बालीयात्रा उत्सव

- बालीयात्रा उत्सव आमतौर पर ओडिशा के तटीय क्षेत्रों में कार्तिक पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है।
- यह उत्सव ओडिशा के लोगों के बाली द्वीप के साथ प्राचीन समुद्री व्यापारिक संबंधों और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों की समुद्र पार यात्राओं की गौरवशाली परंपरा की याद में मनाया जाता है।
- यह उत्सव तओपोई की कथा और भालुकुनी ओषा (खुदुरकुनी ओषा) तथा बड़ा ओषा जैसे धार्मिक अनुष्ठानों से भी जुड़ा हुआ है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## दोहा घोषणा-पत्र

### मुख्य बिन्दु:

- **सामाजिक विकास के लिए दूसरे विश्व शिखर सम्मेलन में दोहा घोषणा-पत्र को अपनाया गया।**
- **पहला शिखर सम्मेलन, 1995 में कोपेनहेगन (डेनमार्क) में हुआ था।**
- **यह शिखर सम्मेलन संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा आयोजित किया गया था।**

### दोहा घोषणा-पत्र

- **यह 1995 की कोपेनहेगन प्रतिबद्धताओं को नवीनीकृत और अपडेट करता है तथा निम्नलिखित का आह्वान करता है:**
- **गरीबी उन्मूलन, गरिमापूर्ण कार्य, सामाजिक समावेशन, सार्वभौमिक व लैंगिक रूप से उत्तरदायी सामाजिक सुरक्षा का विस्तार करना, और स्वास्थ्य एवं शिक्षा तक न्यायसंगत पहुँच प्रदान करना, आदि।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान प्रौद्योगिकी

## NexCAR19

**मुख्य बिन्दु:**

- ImmunoACT ने NexCAR19 थेरेपी B-सेल ब्लड कैंसर के लिए विकसित की है। ImmunoACT IIT बॉम्बे और टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल के तहत् विकसित कंपनी है।
- NexCAR19 भारत की पहली स्वदेशी CAR-T सेल थेरेपी है। इसे 2023 में केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने मार्केट ऑथराइजेशन यानी व्यावसायिक उपयोग की मंजूरी दी थी।

### CAR (कैमेरिक एंटीजन रिसेप्टर)-T सेल थेरेपी

- इसमें प्रतिरक्षा कोशिकाओं, विशेष रूप से T-सेल्स को शक्तिशाली कैंसर-नाशक CAR-T कोशिकाओं में बदला जाता है।
- T-सेल्स एक प्रकार की श्वेत रक्त कोशिकाएँ होती हैं। इनका प्राथमिक कार्य हानिकारक या संक्रमित कोशिकाओं को नष्ट करना होता है।

UTKARSH CIVIL SERVICES

# विज्ञान प्रौद्योगिकी

## प्रोजेक्ट सनकैचर

**मुख्य बिन्दु:**

- गूगल ने अंतरिक्ष में AI डेटा सेंटर के परीक्षण के लिए 'प्रोजेक्ट सनकैचर' लॉन्च किया।
- **उद्देश्य:** निम्न भू-कक्षा में सौर ऊर्जा से चलने वाले उपग्रहों के माध्यम से अंतरिक्ष में AI कंप्यूटिंग की संभावनाओं का परीक्षण करना।
- वर्ष 2027 तक दो प्रोटोटाइप उपग्रह लॉन्च किए जाएंगे। इनके माध्यम से ऊर्जा उत्पादन, चिप्स की कार्यक्षमता और डेटा संचरण की क्षमता का परीक्षण किया जाएगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान प्रौद्योगिकी

## टाइडल डिसरप्शन इवेंट

### मुख्य बिन्दु:

- **अंतरिक्ष यात्रियों ने ब्लैक होल से निकली अब तक की सबसे बड़ी और सबसे दूर की चमक देखी है। यह चमक टाइडल डिसरप्शन इवेंट के कारण उत्पन्न हुई है।**

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण योजनाएँ

## भारत की सबसे बड़ी भूतापीय ऊर्जा प्रौद्योगिकी पायलट परियोजना

**मुख्य बिन्दु:**

- हाल ही में, एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (EESL) ने आंध्र प्रदेश के अराकू घाटी और विशाखापत्तनम में भारत की सबसे बड़ी भूतापीय ऊर्जा प्रौद्योगिकी पायलट परियोजना स्थापित करने की योजना की घोषणा की है।




### भूतापीय ऊर्जा

- यह पृथ्वी की पपड़ी के भीतर संग्रहीत ऊष्मा है, तथा यह पृथ्वी की प्राकृतिक ऊष्मा से आती है, जो मुख्य रूप से प्राकृतिक रेडियोधर्मी समस्थानिकों के क्षय के कारण होती है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण सूचकांक एवं रिपोर्ट

## द बाकू टू बेलेम रोडमैप टू 1.3T रिपोर्ट

**मुख्य बिन्दु:**

- **COP-30 से पहले द बाकू टू बेलेम रोडमैप टू 1.3T रिपोर्ट जारी की गई है, यह विकसित देशों से वित्तीय प्रतिबद्धताओं को रेखांकित करती है।**
- **यह रिपोर्ट वित्त पर पाँच कार्रवाई मोर्चों की पहचान करती है, ताकि 2035 तक 1.3T (ट्रिलियन) डॉलर प्रदान किए जा सकें, जिसमें 300 बिलियन डॉलर समग्र लक्ष्य का एक हिस्सा है। इन मोर्चों में पुनर्पूर्ति (Replenishing), पुन:चैनलीकरण (Rebalancing), नवीनीकरण (Revamping), और पुनर्संरचना (Reshaping) यानी 5R तंत्र शामिल हैं।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# प्रवर्तन निदेशालय

**मुख्य बिन्दु:**

- **हाल ही में, वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (FATF) ने "परिसंपत्ति वसूली मार्गदर्शन और सर्वोत्तम कार्यपद्धतियाँ" रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट में ED द्वारा जाँच किए गए मामलों को "प्रभावी परिसंपत्ति वसूली कार्यपद्धति के मॉडल्स" के रूप में बताया गया है।**
- **मुख्यालय: दिल्ली**
- **गठन: वर्ष 1956**
- **नियंत्रण: राजस्व विभाग, वित्त मंत्रालय।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण पोर्टल एवं एप

## माई भारत (MY Bharat) ऐप

### चर्चा में क्यों?

- 1 अक्टूबर, 2025 को नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने माई भारत (MY Bharat) मोबाइल एप्लीकेशन लॉन्च किया।
- साथ ही सामान्य सेवा केन्द्रों (CSC) को माई भारत पोर्टल के साथ एकीकृत करने की घोषणा भी की गई।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:

- यह युवा मामले विभाग (DoYA), युवा मामले और खेल मंत्रालय के तहत् एक ऑनलाइन युवा नेतृत्व और सामाजिक जुड़ाव मंच है।
- **डिजाइन और विकसित :** डिजिटल इंडिया कॉरपोरेशन (DIC) और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) द्वारा किया गया।
- **उद्देश्य :** युवाओं को निर्बाध मोबाइल इंटरफेस के माध्यम से स्वयंसेवा, इंटर्नशिप, मार्गदर्शन और सीखने के अवसर प्रदान करना।
- **लक्षित आयु समूह:** 15 से 29 वर्ष।
- **प्रमुख विशेषताएँ :** सत्यापित अवसर, डिजिटल मान्यता, कैरियर सशक्तिकरण, युवा अभियान और इंटरैक्टिव लर्निंग।

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# 👤 व्यक्तित्व

## शोभा गुप्ता : रक्षा संपदा महानिदेशक

📌 मुख्य बिन्दुः



- भारतीय रक्षा संपदा सेवा (IDES) की वर्ष 1990 बैच की अधिकारी शोभा गुप्ता ने 30 सितंबर, 2025 को रक्षा संपदा महानिदेशक (DGDI) का पदभार ग्रहण किया।
- अपने विशिष्ट कार्यकाल के दौरान, उन्होंने विभिन्न छावनी बोर्डों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, विभिन्न मंडलों के रक्षा संपदा अधिकारी, मध्य कमान में रक्षा संपदा निदेशक तथा दक्षिण-पश्चिम कमान और पश्चिमी कमान में रक्षा संपदा के प्रधान निदेशक सहित कई महत्त्वपूर्ण पदों पर कार्य किया।
- रक्षा संपदा महानिदेशालय को देश भर में लगभग 18 लाख एकड़ रक्षा भूमि का प्रबंधन सौंपा गया है। यह छह कमानों, 38 रक्षा संपदा मंडलों और 61 छावनी बोर्डों के अधीन कार्य करता है और छावनियों में रक्षा भूमि प्रबंधन और नागरिक प्रशासन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR